Ans. (c) 2019-20 में बाजरे का कुल उत्पादन 8866082 टन रहा है। जिसमें सर्वाधिक बाजरा उत्पादक जिले अलवर (598865 टन), बाड़मेर (593697 टन) तथा जयपुर (569466 टन) रहे है।

1413. राजस्थान में सर्वाधिक गेहूँ का उत्पादन किस जिले में होता है?

(a) उदयपुर (b) श्रीगंगानगर
(c) जयपुर (d) इनमें से कोई नहीं

मोटर वाहन उप-निरीक्षक -2021 (Paper-I)

Ans. (b) राजस्थान में सर्वाधिक गेहूँ का उत्पादन श्री गंगानगर जिले में होता है। राजस्थान गेहूँ उत्पादन में देश में चौथे स्थान पर है। राजस्थान में सर्वाधिक उत्पादित एवं सर्वाधिक खपत वाली फसल गेहूँ है। यहाँ गेहूँ की प्रमुख किस्में सोना, कल्याण, शरबती, कोहिनूर और मैक्सिन हैं।

1414. राजस्थान में अफीम का उत्पादन निम्नलिखित में से किन जिलों में होता है-

(a) सिरोही, जालौर, बाड़मेर
(b) सिरोही, भीलवाड़ा, उदयपुर
(c) झालावाड़, कोटा, चित्तौड़गढ़
(d) अलवर, भरतपुर, कोटा

Librarian Exam Date-13.11.2016

Ans. (c) राजस्थान के अफीम उत्पादक जिले हैं-भीलवाड़ा, उदयपुर, चित्तौड़गढ़, बांसवाड़ा, कोटा, बारां, झालावाड़। अफीम एक लोकप्रिय मादक पदार्थ के रूप में प्रसिद्ध है। इनके बीजों में अनेक रासायनिक तत्व पाये जाते है जो कि मादकतायुक्त होते हैं। इनके बीजों से मार्फिन, लेटेक्स, कोडेन और पैननाथ्रिन जैसे शक्तिशाली एल्कालोड्स पाये जाते हैं।

1415. दक्षिणी पूर्वी राजस्थान क्षेत्र में स्थानान्तरित कृषि निम्नलिखित में से किस नाम से जाना जाता है?

(a) वालरा
(b) खालरा
(c) टापरा
(d) झुमरा

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (भौतिक) भर्ती परीक्षा-2019

Ans. (a) वालरा कृषि को झूमिंग कृषि भी कहा जाता है। इस प्रकार की कृषि में वृक्षों को जलाकर उसकी राख को खाद के रूप में प्रयोग किया जाता है। वालरा कृषि, राजस्थान के उदयपुर, बाँसवाड़ा एवं डुगरपुर जिलों में की जाती है।

1416. राजस्थान की वर्तमान फसल सघनता लगभग है–

(a) 113% (b) 123%
(c) 133% (d) 143%

RPSC G.K. & Agronomy 29.08.2022

Ans. (d) : एक कृषि वर्ष के दौरान शुद्ध बुवाई क्षेत्र में कुल बोयी गयी एक से अधिक फसलों की संख्या को फसल सघनता कहा जाता है। वर्तमान (2022) में राजस्थान राज्य की फसल सघनता 143% है, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर भारत की फसल सघनता 136% है। पंजाब की 190%, हरियाणा की 189% व सिक्किम की 187% फसल सघनता है।

1417. वर्तमान में राजस्थान में उर्वरक की अनुमानित खपत लगभग कितनी है?

(a) 133 किग्रा/हेक्टेयर (b) 102 किग्रा/हेक्टेयर
(c) 62 किग्रा/हेक्टेयर (d) 42 किग्रा/हेक्टेयर

RPSC G.K. & Agronomy 29.08.2022

Ans. (c) : भारत में प्रति हेक्टेयर उर्वरक खपत की बढ़ती दर कृषि एवं पर्यावरण दोनों के लिए चिंता का विषय है। राजस्थान की 2018-19 में उर्वरक खपत 60.8 किग्रा/हेक्टेयर थी जो वर्तमान में (2022) बढ़कर लगभग 62 किग्रा/हेक्टेयर हो गयी, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर भारत की उर्वरक खपत 133.1 किग्रा/हेक्टेयर है। भारत में सर्वाधिक उर्वरक खपत वाले राज्यों में कर्नाटक (245.3 किग्रा./हे.), पुदुचेरी (227.9 किग्रा./हे.), बिहार (227.3 किग्रा. / हे.) अग्रणी है।

1418. राजस्थान में बाजरा के बाद उगाया जाने वाला दूसरा सबसे अधिक उगाया जाने वाला अनाज है–

(a) मक्का (b) चावल
(c) गेहूं (d) ज्वार

RPSC G.K. & Agronomy 29.08.2022

Ans. (c) : राजस्थान राज्य में सर्वाधिक उत्पादित किया जाने वाला अनाज बाजरा है, जो भारत के कुल बाजरा उत्पादन में राजस्थान का लगभग 45% योगदान है। राज्य का दूसरा सर्वाधिक उत्पादित किये जाने वाला अनाज गेहूँ है जो राजस्थान के पूर्वी भाग के श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ व अलवर जिलों में पैदा किया जाता है। सर्वाधिक गेहूँ राजस्थान में श्रीगंगानगर में होता है।

1419. शीतकालीन मक्का की खेती राजस्थान के किस कृषि जलवायु क्षेत्र में की जाती है?

(a) उप-आर्द्र दक्षिणी मैदान
(b) आर्द्र प्रवण पूर्वी मैदान
(c) उत्तरी पश्चिमी सिंचित मैदान
(d) उत्तरी पश्चिमी सिंचित मैदान

RPSC G.K. & Agronomy 29.08.2022

Ans. (a) : राजस्थान में मक्के की खेती चित्तौड़गढ़, बांसवाड़ा, बूंदी, प्रतापगढ़, टोंक व अलवर इत्यादि जिलों में की जाती है। मक्का, रबी एवं खरीफ दोनों फसल ॠतुओं में बोई जाती है परन्तु शीतकाल में मक्के की खेती ''उप-आर्द्र दक्षिणी मैदान [IV-A]'' कृषि जलवायु क्षेत्र में की जाती है। मक्के की खेती वाला कृषि जलवायु क्षेत्र आर्द्र दक्षिणी मैदान भी है परन्तु वहाँ खरीफ ॠतु में की जाती है।

1420. राजस्थान में सर्वाधिक रकबा वाली दलहन फसल है–

(a) मूंग (b) मोठ
(c) उड़द (d) लोबिया

RPSC G.K. & Agronomy 29.08.2022

Ans. (b) : राजस्थान में सर्वाधिक रकबा वाली दलहनी फसलों के नवीनतम आंकड़े उपलब्ध नहीं है परन्तु वर्ष 2013-14 के आंकड़ों के अनुसार राज्य में सर्वाधिक रकबा वाली दलहन फसल मोठ (4.17%) तथा उसके बाद मूंग (4.14%) का स्थान है। कुल दालों की खेती के संदर्भ में सर्वाधिक क्षेत्रफल राजस्थान (6.34 मिलियन हे.) रहा है। जो प्रतिशत की दृष्टि से 22.36% है।

1421. कौन सी फसल का उत्पादन आहड़ में नहीं होता था?

(a) गेहूँ (b) बाजरा
(c) चावल (d) जौ

RPSC College Lecturer (Sanskrit Education) 2015